Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding increasing cases of rape and worsening law and order situation in Jharkhand.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदया**,** धन्यवाद। आज मैं जो मुद्दा उठाना चाहता हूं, **वह** बहुत ही इम्पोर्टेंट है। हमारे प्रधान मंत्री जी **'**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं**,** लेकिन हमारा जो राज्य झारखंड है, पिछले एक साल में झारखंड में चार हजार बलात्कार की घटनाएं हुई हैं और बलात्कार के बाद महिलाओं की, लड़कियों की**,** छोटी बच्चियों की हत्याएं हुई हैं।…(व्यवधान) उसी आधार पर आप देखिए**,** धर्मांतरण…(व्यवधान) गढ़वा जिले के यहां वीडी राम साहब बैठे हैं। गढ़वा जिले से लेकर संथाल परगना में पूरा धर्मांतरण है, नैक्सेलाइट्स की एक्टिविटीज हैं और साइबर क्राइम का सबसे बड़ा अड्डा संथाल परगना से लेकर झारखंड है।…(व्यवधान) आज आप समझिए कि 10 करोड़, 20 करोड़, 100 करोड़ लोग किसी तरह गायब हो जाते हैं। ये सारा कारण यह है कि वहां के जो मुख्य मंत्री हैं, वह खुद ही वर्ष 2013 **में** … * और आज तक … * **उ**नके सामने मुम्बई हाई कोर्ट में लंबित है।…(व्यवधान) मेरा आपके माध्यम से**,** क्योंकि वहां एक्टिंग डीजीपी हैं**,** डीजीपी को उन्होंने चूंकि टैंट पर रखा हुआ है। डीजीपी काम करने में अक्षम है।…(व्यवधान) एसपी और डीसी जो है**,** पैसे देकर अपॉइंट हो रहे हैं और इसलिए महिलाएँ वहां सुरक्षित नहीं हैं। जब मुख्य मंत्री के ऊपर खुद ही … * तो महिलाएँ और बच्चियां कैसे सुरक्षित हो सकती हैं।…(व्यवधान) इसलिए मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि राष्ट्रपति शासन के लिए वह काफी माकूल समय है और झारखंड में इमीडिएट राष्ट्रपति शासन लगाकर हमारी बहू**-**बेटियों की रक्षा करनी चाहिए।…(व्यवधान) जय हिंद जय भारत।

माननीय सभापति : श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी – उपस्थित नहीं।

श्री विष्णु दयाल राम।